Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide rail link between Merta and Pushkar in Rajasthan -laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अज़मेर): मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर के अधीन पुष्कर एक बहुत ही महत्वपूर्ण धर्मस्थल नगरी है जहां पर देश-विदेश से लोगों का आना जाना बना रहता है । मेड़ता से पुष्कर रेल लाइन द्वारा जोड़ने के लिए रेल परियोजना में सम्मलित किया हुआ है, लेकिन इस कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है । इस महत्वपूर्ण रेल लाइन को जोड़ने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है । मेड़ता से पुष्कर रेल लाइन द्वारा जोड़ने पर सम्पूर्ण उत्तरी भारत का अजमेर व गुजरात से रेल यातायात का सीधा सम्पर्क हो जाएगा ।

मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि मेड़ता से पुष्कर रेल लाइन के लिए धनराशि स्वीकृत कर इस कार्य को शीघ्रातिशीघ्र करवाने का श्रम करावें ।